**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लातेहार में नौ नक्सलियों ने हथियारों के साथ किया आत्मसमर्पण।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट का हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति मामले में अहम फैसला, मेरिट लिस्ट की जांच के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित करने का आदेश।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल सहायक आचार्यो, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे।**
4. **चुनाव आयोग ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की तैयारी तेज की, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसएसआर को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक।**
5. **रांची के मोरहाबादी मैदान में करम पूर्व संध्या समारोह का हुआ भव्य आयोजन, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा हुए शामिल, कहा– सरना कोड के लिए एकजुटता जरुरी।**

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद– जेजेएमपी के नौ नक्सलियों ने आज लातेहार में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें रवीन्द्र यादव, अखिलेश यादव, बलदेव गंझू और मुकेश राम शामिल हैं, जिनपर पांच–पांच लाख रुपये का इनाम घोषित है जबकि पवन पर तीन लाख रुपये का इनाम है। आत्मसमर्पण करने वालों में धुर्व राम, विजय यादव, श्रवण सिंह और मुकेश गंझू भी शामिल हैं। इनलोगों ने 12 अत्याधुनिक हथियार और बड़ी संख्या में कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं। पत्रकारों से बातचीत में आईजी अभियान माईकल राज एस ने इसे बहुत बड़ी उपलब्धित बताते हुए कहा कि झारखंड गठन के बाद पहली बार किसी एक नक्सली संगठन के इतनी संख्या में सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति से संबंधित एक अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस दीपक रोशन की कोर्ट ने हाई स्कूल मेरिट लिस्ट की जांच के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमिटी का गठन किया है। इसका नेतृत्व सेवानिवृत्ति जस्टिस एसएन पाठक करेंगे। प्रार्थियों की ओर से हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की मेरिट लिस्ट को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। अदालत ने झारखंड सरकार और जेएसएससी को शेष 2 हजार 34 रिक्त पदों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन स्थित नए सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे।

*******************

रांची महानगर जिला कांग्रेस कमिटी के नए जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। इस सिलसिले में नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व सांसद विजय इंदर सिंगला ने आज रांची में बैठक की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर नये जिलाध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

*******************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य मद की राशि खर्च करने को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों से कहा कि स्वास्थ्य मद में 15वें वित्त आयोग की 50 प्रतिशत राशि अक्टूबर के मध्य तक खर्च करना सुनिश्चित करें। 50 प्रतिशत राशि खर्च होने के बाद ही केंद्र से एक हजार 20 करोड़ से ज्यादा की बकाया राशि पर दावा किया जा सकता है।

*******************

चुनाव आयोग ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इस सिलसिले में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने घाटशिला उपचुनाव के मद्देनजर शुरु किये गये मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त

पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आग्रह किया।

*******************

कोडरमा में पुलिस ने ग्रामीण जलापूर्ति योजना की पाइप चोरी के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने एक ट्रक पर लोड कर रखी गयी चोरी की 16 पाइप और चोरी में इस्तेमाल की गई हाइड्रा मशीन को भी जब्त किया है। मुख्यालय डीएसपी रतीभान सिंह ने बताया कि इस मामले में और भी लोग संलिप्त हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

*******************

रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने आज से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड पुलिस अधिकारियों को आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और मुकदमे चलाने के बारे में खास तौर पर प्रशिक्षित करना है।

*******************

हजारीबाग जिले में प्रधानमंत्री जन धन योजना से लोगों को काफी लाभ मिला है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

रांची के मोरहाबादी मैदान में आज भव्य करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा भी शामिल हुए। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि 2026 की जनगणना से पहले केंद्रीय सरना कोड मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर सरना कोड की लड़ाई लड़नी होगी।

*******************

रांची में 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। रक्षा राज्य मंत्री और सांसद संजय सेठ ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि खेल महोत्सव के दौरान 12 अक्तूबर को विकसित भारत के थीम पर मोरहाबादी से ओटीसी मैदान तक मैराथन का आयोजन किया जायेगा।

***************